# उत्तर प्रदेश: टॉप अचीवर स्टेट



आज, उत्तर प्रदेश को 'उद्योग प्रदेश' के अलंकरण से नवाज़ा जा रहा है। बुनियादी सुविधाओं के विकास, निवेश अनुकूल नीतियों, पर्याप्त लैंडबैंक, अनवरत विद्युत आपूर्ति, डेडिकेटेड पुलिसिंग और विपुल उपभोक्ता बाजार ने देश-विदेश के उद्यमियों को इस प्रदेश की ओर आकर्षित किया है। बीते सात सालों में 45 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव एवं अब तक क्रियान्वित हो चुकी लगभग 16 लाख करोड़ रुपये की निवेश परियोजनाएं उत्तर प्रदेश की विकास यात्रा को संबल दे रही हैं। प्रदेश सरकार द्वारा हाल ही में घोषित सेमीकंडक्टर पॉलिसी को उद्यमियों ने सर्वथा मुफीद पाते हुए इस सेक्टर में बड़े निवेश के प्रति रुचि दिखाई है। 'ईज ऑफ डूइंग' एवं 'ईज ऑफ लिविंग' के सभी पैरामीटर्स पर उत्तर प्रदेश ने अपने आपको 'टॉप अचीवर स्टेट' साबित किया है। राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में 9.2 प्रतिशत का योगदान कर आज यह प्रदेश देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। यूपी में सुदृढ़ कानून-व्यवस्था एवं पॉलिसी बेस्ड गवर्नेंस से यह सब संभव हो रहा है।



वर्ष 2017 के पूर्व प्रदेश में कोई निवेश नहीं करना चाहता था। बदले हुए परसेप्शन के कारण आज देश-विदेश के निवेशक उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए इच्छुक हैं। आज उत्तर प्रदेश में कानून का राज है, निवेश अनुकूल आकर्षक सेक्टोरल नीतियां हैं। व्यापार के अनुरूप सकारात्मक वातावरण है। परिणामस्वरूप उद्यमीगण उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए आना चाहते हैं।

**-योगी आदित्यनाथ**
**मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश**




ग्रेटर नोएडा में 11 से 13 सितम्बर तक सेमीकॉन इंडिया 2024 आयोजित किया गया। इसमें शामिल निवेशकों, उद्यमियों एवं आमलोगों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि सेमीकंडक्टर क्षेत्र में भारत क्रांति की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने उद्यमियों का आह्वान किया कि दुनिया की हर डिवाइस में भारत में बनी चिप लगे, इस पर आप सभी काम करें, सरकार आपके साथ है। पीएम ने यूपी को सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में सबसे बड़ा केंद्र बनाया। पीएम मोदी के विजन के अनुरूप ही योगी सरकार ने सेमीकंडक्टर नीति-2024 को लागू किया है। **प्रदेश में सेमीकंडक्टर यूनिट लगाने वाले उद्यमियों को सरकार वित्तीय प्रोत्साहन के साथ अन्य बुनियादी सुविधाएं भी देगी।**

"आज दूसरे राज्यों को भी उत्तर प्रदेश से सीखना चाहिए कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को बढ़ाने के लिए किस तरह के प्रयास करते हैं। हर हिंदुस्तानी को गर्व होता है कि यूपी ने ठान लिया है कि वो एक ट्रिलियन डालर की इकोनॉमी बनेगा। देश तभी आगे बढ़ेगा, जब यूपी की तरह हर राज्य बड़े सपने और संकल्प लेकर चल पड़ेगा। उद्योग जगत के साथियों के लिए यूपी में अनंत अवसर की बेला है।

**-नरेंद्र मोदी**
**प्रधानमंत्री**

## बेहतर नीतियों से बढ़ा निवेश

- यूपी ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट में 28,029 एमओयू हस्ताक्षरित, लगभग 40 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव, 1.10 करोड़ रोजगार के अवसर
- ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 के माध्यम से 10.11 लाख करोड़ रुपये की 14,701 परियोजनाओं पर कार्य प्रारंभ
- यूपी इन्वेस्टर्स समिट में 4.68 लाख करोड़ रुपये से अधिक के एमओयू, 4 लाख करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का क्रियान्वयन
- 36 हजार एकड़ भूमि पर झांसी जनपद के 33 गांवों को मिलाकर नये औद्योगिक शहर बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण (बीडा) को बसाने की प्रक्रिया शुरू
- लखनऊ और आस-पास के 5 जनपदों को मिलाकर स्टेट कैपिटल रीजन (एससीआर) का गठन
- पूर्वांचल और बुंदेलखंड में औद्योगिक विकास के लिए विशेष प्रोत्साहन नीति लागू
- प्रदेश के 7 एक्सप्रेसवे के किनारे 5500 एकड़ में औद्योगिक गलियारों का विकास
- बुंदेलखंड में सोलर पार्क की स्थापना
- ग्रेटर नोएडा में उत्तर भारत के पहले हाइपर-स्केल डेटा सेंटर योट्टा डी1 का संचालन
- भारत के सबसे बड़े डेटा सेंटर के हब के रूप में विकसित हो रहा है गौतमबुद्ध नगर
- नोएडा, मेरठ, लखनऊ, कानपुर और प्रयागराज में पांच सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क संचालित
- लखनऊ के अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया में 40 एकड़ क्षेत्र में आईटी पार्क, एसटीपीआई पार्क, इन्क्यूबेशन सेंटर्स, स्टेट डेटा सेंटर का निर्माण
- प्रयागराज में 400 करोड़ रुपये के निवेश से 20 लाख टन प्रतिवर्ष की क्षमता वाली सीमेंट निर्माण इकाई स्थापित

- यूपी सेमीकंडक्टर नीति के तहत भारत सरकार द्वारा अनुमोदित कैपिटल सब्सिडी पर 50 प्रतिशत अतिरिक्त कैपिटल सब्सिडी का प्रावधान
- ड्यूअल ग्रिड नेटवर्क के साथ ही 10 वर्षों के लिए इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी में शत-प्रतिशत की छूट
- 25 वर्षों के लिए अंतर्राज्यीय बिजली खरीद, ट्रांसमिशन व व्हीलिंग शुल्क में 50 प्रतिशत और स्टाम्प ड्यूटी में भी भारी छूट
- सेमीकंडक्टर पॉलिसी में लैंड सब्सिडी के रूप में 200 एकड़ जमीन पर 75 प्रतिशत लैंड सब्सिडी

## दिग्गज उद्योगपति बोले

### यूपी के युवाओं को मिलेगा रोजगार

सैमसंग का यूपी से बहुत गहरा नाता है। हम जब 1996 में पहली बार यहां आए थे, तो कोई सोच भी नहीं सकता था कि सैमसंग नोएडा में सबसे बड़ी मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग यूनिट स्थापित करेगी। 2018 में यह सब सच हो गया, जब हमने ईस्ट मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग फैसिलिटीज का उद्घाटन किया। सैमसंग यूपी में निवेश करने के लिए प्रतिबद्ध है।

जेबी पार्क, अध्यक्ष व सीईओ, सैमसंग साउथवेस्ट एशिया

### ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को सीएम ने कर दिखाया

जेके सीमेंट ने यूपी में पिछले छह साल में 1,500 करोड़ रुपये की तीन सीमेंट यूनिट लगाई हैं। आखिरी इकाई 2024 में प्रयागराज में सिर्फ 9 महीने में लगायी गयी। ये पहला ऐसा प्रदेश है, जहां सरकारी टीम इंडस्ट्री से पूछती है कि आपको कोई परेशानी तो नहीं। मुख्यमंत्री ने ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को साकार करके दिखाया है।

राघवपति सिंघानिया, एमडी, जेके सीमेंट

### समस्या के समाधान का सीएम का तरीका अनूठा

देश की टॉप-3 कंपनियों में एक एचसीएल ने यूपी को घर बनाया है। हमने हाल में लखनऊ में 800 करोड़ रुपये का निवेश किया। ये इसलिए संभव हुआ, क्योंकि सरकार की पॉलिसी के तहत कम समय में काम हो गया। अगले तीन साल में हमारी योजना यूपी में 4,200 करोड़ रुपये निवेश करने की है।

पवन के. दमदर, सीएफओ व प्रेसिडेंट, एचसीएल

- देश के कुल मोबाइल फोन का लगभग 55 प्रतिशत उत्पादन उत्तर प्रदेश में
- लखनऊ, कानपुर, आगरा, अलीगढ़, चित्रकूट और झांसी में डिफेंस कॉरिडोर की स्थापना
- ललितपुर में करीब 1472 एकड़ भूमि में दो फेज में बल्क ड्रग पार्क का निर्माण प्रगति पर
- लखनऊ-हरदोई सीमा पर 1162 एकड़ में टेक्सटाइल पार्क का निर्माण
- वाराणसी में बनास डेयरी की स्थापना, यहां से प्रतिदिन तीन लाख लीटर दूध की हो रही आपूर्ति
- गोरखपुर में स्थापित खाद कारखाना से प्रतिदिन 3,850 मीट्रिक टन और प्रतिवर्ष 12.7 लाख मिट्रिक टन खाद उत्पादन
- संजय गांधी पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस (एसजीपीजीआईएमएस), लखनऊ में मेड-टेक स्टार्टअप संचालित
- आईआईटी, कानपुर में ड्रोन और रोबोटिक्स निर्माण संबंधित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्टार्टअप स्थापित
- यमुना एक्सप्रेसवे के किनारे मेडिकल डिवाइस पार्क का विकास
- लीड्स सर्वे रिपोर्ट में उत्तर प्रदेश बना 'अचीवर स्टेट'
- नोएडा में अंतर्राष्ट्रीय फिल्म सिटी का निर्माण
- 32 निवेश इकाइयों को 1,333 करोड़ रुपये की सब्सिडी का वितरण
- 4,884 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश हेतु 11 औद्योगिक इकाइयों को लेटर ऑफ कम्फर्ट जारी
- यूपीसीडा द्वारा ट्रांस गंगा सिटी में वेयरहाउस की स्थापना हेतु एलिम्को को 13532 वर्गमीटर भूमि आवंटित
- बांदा में अवाडा इंडा कंपनी द्वारा स्थापित सोलर पार्क में बिजली का उत्पादन प्रारंभ
- 96 लाख से अधिक एमएसएमई इकाइयां संचालित

**'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' में टॉप अचीवर स्टेट | सिंगल विंडो पोर्टल 'निवेश मित्र' के माध्यम से 43 विभागों की 487 सेवाएं ऑनलाइन उपलब्ध**




मोबाइल निर्माण में नंबर वन



सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क, प्रयागराज



डेटा सेंटर योट्टा डी1, नोएडा




आईटी पार्क, उत्तर प्रदेश

मीडिया सॉल्यूशन इनीशिएटिव